कामधेनु स्टील

# इस्पात संदेश

आई एस ओ 9001–2000 सम्मानित कंपनी कामधेनु इस्पात लिमिटेड की गृह पत्रिका, वर्ष–13, अंक–5, सितम्बर 2012

किसी भी तरह की व्यापारिक जानकारी हेतु टोल फ्री कामधेनु हेल्प लाइन – 1800 1800 545

## कामधेनु पेंट्स ने आगरा के डीलर्स में भरा जोश




कामधेनु इस्पात लिमिटेड ने अपने पेंट कारोबार को नई ऊँचाइयों पर पहुँचाने की कोशिशें तेज कर दी हैं। इसके लिए कंपनी अपने साथ जुड़े देश भर के डीलर्स को बेहतर प्रदर्शन करने के लिए प्रोत्साहित कर रही है।

कामधेनु पेंट्स ने 8 सितंबर 2012 को आगरा के होटल रेडिसन में एक भव्य डीलर्स मीट आयोजित करके अपने डीलर्स का उत्साह बढ़ाया। इस कार्यक्रम में आगरा क्षेत्र में सक्रिय 100 से ज्यादा पेंट डीलर्स शामिल हुए।

डीलर्स को प्रोत्साहित करने के लिए इस कार्यक्रम में कामधेनु पेंट्स के कई वरिष्ठ अधिकारी शामिल हुए। इनमें श्री राजकुमार श्रीवास्तव, मार्केटिंग हेड (ऑल इण्डिया) और श्री लवजीत सिंह, मैनेजर (ब्रैंड प्रोमोशन) प्रमुख थे। श्री राजकुमार श्रीवास्तव ने सभी डीलर्स के कार्यकुशलता की सराहना करते हुए उन्हें और बेहतर प्रदर्शन के लिए प्रोत्साहित किया। श्री श्रीवास्तव ने कहा, "कामधेनु पेंट्स ने बाजार में एक सम्मानजनक और मजबूत स्थिति हासिल कर ली है। कंपनी ने पिछले वित्त वर्ष के दौरान 33 प्रतिशत की विकास दर हासिल की है। कंपनी अब पेंट कारोबार में विकास की रफ्तार और तेजी से बढ़ाने के लिए प्रयास कर रही है। "उन्होंने बताया कि कामधेनु पेंट ने विस्तार के लिए योजना बनाई है। कंपनी देश भर में अपने डीलर्स की संख्या में लगातार बढ़ोत्तरी कर रही है। श्री श्रीवास्तव ने कहा कि कामधेनु पेंट्स डेकोरेटिव सेग्मेंट में अब देश की 6 सबसे बड़ी पेंट कंपनीयों में शामिल हो गई है, जो हमारे लिए बहुत बड़ी उपलब्धि है। ऐसा पूरे देश के डीलर्स की कड़ी मेहनत से संभव हो पाया है। कामधेनु पेंट्स ने हाल ही अपने जाने–माने ब्रैंड ***Colour Dreamz*** के तहत शीन एन शाइन, इको फ्रेश, कामोमेटालिका सहित कई उच्च्य गुणवत्ता के पेंट पेश किए हैं। कंपनी हर तबके की जरूरत को ध्यान में रखते हुए कई पेंट उत्पाद पेश करने की योजना बना रही है। कार्यक्रम के दौरान डीलर्स ने कंपनी के उत्पादों और आने वाले सालों में मार्केटिंग रणनीतियों के विभिन्न पहलुओं पर चर्चा की। कंपनी ने पिछले एक साल में बेहतरीन प्रदर्शन करने वाले कुछ डीलर्स को सम्मानित भी किया।

कार्यक्रम के दौरान क्षेत्र के डीलर्स ने बेहतरीन प्रदर्शन करने के लिए और अधिक मेहनत करने का भरोसा दिलाया। उन्होंने कंपनी के वरिष्ठ अधिकारियों से कई तरह के सवाल भी पूछे, जिनका अच्छी तरह से जवाब दिया गया। कुल मिलाकर कार्यक्रम डीलर्स और कंपनी दोनों के काफी उत्साहवर्धक साबित हुआ।




# भारत ने मल्टी ब्रैंड रिटेल मे विदेशी निवेश को दी मंजूरी

केंद्र सरकार ने विपक्ष और सहयोगी दलों के विरोध को दरकिनार करते हुए मल्टी ब्रैंड रिटेल में सीधे विदेशी निवेश को मंजूरी दे दी है जिससे कि अब भारत में विदेशी किराना स्टोर खुल सकेंगे। अब विदेशी कंपनीयां रिटेल क्षेत्र में 51 प्रतिशत तक निवेश कर सकेंगी।

हालाँकि सरकार ने रिटेल में विदेशी निवेश की कई शर्तें रखी हैं। मसलन विदेशी कंपनी को कम से कम 10 करोड़ डॉलर का निवेश करना होगा। साथ ही 50 फीसदी निवेश सप्लाई चेन जैसे गोदाम, ट्रांसपोर्ट आदि में करना होगा। विदेशी रिटेल दुकानें 10 लाख से ज्यादा आबादी वाले शहरों में ही खुल सकेंगी। विदेशी स्टोर खोलने के लिए राज्यों की मंजूरी जरूरी होगी। साथ ही कम से कम 30 फीसदी सामान भारतीय छोटे एवं मझोली कंपनीयों से खरीदना जरूरी होगा।

सरकार ने भारतीय एयरलाइंस में विदेशी एयरलाइंस के 49 प्रतिशत तक निवेश को भी मंजूरी दे दी है। इसका मतलब अब विदेशी एयरलाइंस भारतीय एयरलाइंस में हिस्सा खरीद सकेंगी। हालाँकि मल्टी ब्रैंड रिटेल में विदेशी निवेश की मंजूरी को लेकर सरकार को विपक्ष और सहयोगी दलों के कड़े विरोध का सामना करना पड़ रहा है। यूपीए की सहयोगी तृणमूल कांग्रेस ने इसी मसले पर सरकार से समर्थन भी वापस ले लिया है।

# नोएडा एक्सटेंशन में फिर लौटी बहार



नोएडा एक्सटेंशन के प्रापर्टी बाजार में 14 महीने बाद फिर बहार लौट आई है। अगस्त के आखिरी हफ्ते में एनसीआर प्लानिंग बोर्ड की ओर से मास्टर प्लान को हरी झंडी मिलने के बाद बिल्डरों ने रुके हुए प्रोजेक्ट्स पर फिर से काम शुरू कर दिया है।

नोएडा एक्सटेंशन में काम फिर से शुरू होने से प्रापर्टी की कीमतों में 25 प्रतिशत तक की बढ़ोत्तरी होने की उम्मीद जताई जा रही है। बिल्डरों ने बोर्ड की मंजूरी के बाद कई प्रोजेक्ट्स में दाम भी बढ़ा दिए हैं। हालाँकि पहले से बुक कराए गए फ्लैटों की कीमतें नहीं बढ़ेंगी। बिल्डरों ने पुराने खरीदारों को पुरानी कीमत पर ही मकान देने का फैसला किया है। दूसरी तरफ कई गांवों के किसान अब भी विरोध की बात कर रहे हैं। लेकिन मोटे तौर पर निर्माण में कोई दिक्कत नहीं है।

किसानों की अपील पर इलाहाबाद हाई कोर्ट ने नोएडा एक्सटेंशन के कई गांवों में जमीन अधिग्रहण रद्द कर दिया था। लेकिन सुप्रीम कोर्ट के फैसले में किसानों का मुआवजा बढ़ाने और उन्हें विकसित जमीन दिए जाने के आदेश से मामला सुलझ गया। हालाँकि सुप्रीम कोर्ट ने एनसीआर प्लानिंग बोर्ड से मास्टर प्लान मंजूर कराने की शर्त रख दी थी।

# अग्नि–4 का सफल परीक्षण



भारत ने रक्षा के क्षेत्र में एक और अहम कामयाबी हासिल की है। भारतीय रक्षा वैज्ञानिकों ने 19 सितंबर को ओडिशा के व्हीलर द्वीप पर बने एक रक्षा ठिकाने से परमाणु क्षमता सम्पन्न अग्नि–4 मिसाइल का सफल परीक्षण किया।

नई पीढ़ी की यह मिसाइल करीब 3,500 से 4,000 किलोमीटर दूर तक के लक्ष्य को भेद सकती है। मिसाइल को निशाने पर मारने के लिए एक हाई परफार्मेंस कम्प्यूटर और डिजिटल कंट्रोल सिस्टम से सुसज्जित एक विश्वसनीय हाई स्पीड कम्यूनिकेशन बस का इस्तेमाल किया गया। लॉन्च डिवाइस तमाम आधुनिक और सघन उड़न तकनीकी से सुसज्जित है ताकि एकदम सटीक निशाना लगाया जा सके। अगले ही दिन भारत ने ओडिशा से ही अग्नि–3 का एक बार फिर सफल परीक्षण किया। सतह से सतह पर 3,000 किलोमीटर से अधिक दूरी तक की मारक क्षमता वाली अग्नि–3 मिसाइल 1.5 टन तक का विस्फोटक पदार्थ ले जाने में सक्षम है। यह 16 मीटर लम्बी और 48 टन वजनी है।

अग्नि श्रेणी की दो अन्य मिसाइलें– अग्नि–1 और अग्नि–2 की मारक क्षमता क्रमशः 750–800 किलोमीटर और 1,500 किलोमीटर से अधिक है। दोनों को सेना में पहले ही शामिल किया जा चुका है।

# कामधेनु ने पंजाब, उत्तर प्रदेश और हिमाचल प्रदेश मे बढ़ाया जागरूकता अभियान

बुनियादी ढांचा क्षेत्र की अग्रणी कंपनी कामधेनु इस्पात लिमिटेड ने पंजाब, उत्तर प्रदेश और हिमाचल प्रदेश में उपभोक्ता जागरुकता अभियान तेज कर दिया है।





कामधेनु इस्पात लिमिटेड द्वारा पंजाब के बेगोवाल एवं भोलथ में आयोजित सीएपी में कंपनी की ओर से श्री वी के गहलौत, जीएम, मार्केटिंग, श्री हिमांशु शर्मा, असिस्टेंट मैनेजर, श्री पुनीत कपिल, मार्केटिंग एक्जिक्युटिव आदि ने हिस्सा लिया। मैसर्स फौजी आयरन स्टोर और एक अन्य डीलर के सहयोग से आयोजित इस उपभोक्ता जागरुकता कार्यक्रम में आसपास के इलाकों के 50 से ज्यादा राजमिस्त्री, ठेकेदार और अन्य उपभोक्ता शामिल हुए। इस कार्यक्रम में क्षेत्र के डिस्ट्रीब्यूटर श्री दिनेश राठी भी शामिल हुए। इस कार्यक्रम मे बेहतरीन प्रदर्शन करने वाले कई ठेकेदारों को सम्मानित भी किया गया।









कानपुर के करेही सब्जी मंडी में आयोजित उपभोक्ता जागरुकता कार्यक्रम में 100 से ज्यादा राजमिस्त्री, लोहार और ठेकेदार शामिल हुए। कामधेनु इस्पात लिमिटेड के सीनियर मार्केटिंग मैनेजर, श्री संतोष शुक्ला ने कार्यक्रम में शामिल लोगों को कामधेनु के उत्पादों की खासियत और इसके सही इस्तेमाल के तौर तरीकों के बारे में बताया। शिवम इंटरप्राइजेज के सहयोग से आयोजित इस कार्यक्रम में कामधेनु इस्पात लिमिटेड के अधिकृत लाइसेंस एग्रीमेंट के अंतर्गत स्टील निर्माता श्री राधे राधे इस्पात प्राइवेट लिमिटेड के दो डायरेक्टर श्री नवीन जैन और श्री विजय जाखोदिया और कानपुर दक्षिण के डिस्ट्रीब्यूटर श्री प्रेम जायसवाल भी मौजूद थे।







22 अगस्त को हिमाचल प्रदेश के ऊना जिले के बेहाला में आयोजित कामधेनु इस्पात लिमिटेड के उपभोक्ता जागरुकता कार्यक्रम मे 80 से ज्यादा राजमिस्त्री और 20 ठेकेदार शामिल हुए। इस अवसर पर श्री राकेश मिस्त्री, जनरल मैनेजर (मार्केटिंग), श्री अनुज गर्ग, डिस्ट्रीब्यूटर (ऊना) और श्री अभिषेक श्रीवास्तव, मार्केटिंग मैनेजर प्रमुख थे।

रायपुर में आयोजित एक अन्य उपभोक्ता जागरुकता कार्यक्रम में भी बड़ी संख्या मे उपभोक्ता और डिस्ट्रीब्यूटर्स ने हिस्सा लिया। इस कार्यक्रम के दौरान कंपनी के अधिकारियों ने सभी लोगों से कई मुद्दों पर खुलकर बातचीत की।



## बेस्ट सपोर्टिंग डीलर ऑफ द मंथ

श्री दीपक
**मैसर्स बाला सुन्दरी आयरन एण्ड सीमेंट स्टोर**
दुकान नं. 1, फौजी काम्प्लेक्स, साई रोड
बद्दी, जिला– सोलन, हिमाचल प्रदेश
मो. 9816434160

श्री अरूण जिंदल, श्री रमन जिदल
**मैसर्स जिंदल आयरन एण्ड सीमेंट स्टोर**
बाईपास लुधियाना रोड,
टेम्पो युनियन के पास
मलेरकोटला, जिला– संगरूर
फोनः 01675–253622, 92166–53622(R), 92165–53622(A)

श्री दीपक कुमार
**मैसर्स गनेशी लाल चंदर भान**
श्रीगंगानगर
फोनः 0154–2440146



# बिहार के डीलर्स ने किया कामधेनु के कार्पोरेट ऑफिस का दौरा

भारत मे सबसे तेजी से उभरती हुई स्टील कंपनी कामधेनु इस्पात लिमिटेड ने बिहार के 50 से अधिक डीलर्स के लिए कंपनी भ्रमण का आयोजन किया। इस दौरान सभी डीलर्स को कंपनी के प्रबन्धन शैली एवं व्यापार कार्यनीति संबंधी प्रक्रिया से अवगत कराया गया।

कामधेनु इस्पात लिमिटेड के मार्केटिंग विभाग के सीनियर जनरल मैनेंजर श्री एस बी शर्मा के अगुआई मे आयोजित इस भ्रमण के दौरान सभी डीलर्स ने कंपनी के गुड़गाँव स्थित कार्पोरेट ऑफिस मे प्रबन्धन विभाग के कई अधिकारियों से मुलाकात की। डीलर्स के ग्रूप मे बिहार स्थित अधिकृत लाइसेंस एग्रीमेंट के अंतर्गत स्टील उत्पाद निर्माता दादीजी स्टील के डायरेक्टर श्री शिशिर अग्रवाल प्रमुख थे। भ्रमण के दौरान श्री एस बी शर्मा सभी डीलर्स को कंपनी के व्यापार एवं मार्केटिंग तौर–तरीके के बारे मे समझाया और साथ ही साथ अपने डीलर्स के काम की सराहना भी की। इस अवसर पर उपस्थित कामधेनु इस्पात लिमिटेड के निदेशक श्री सुनील अग्रवाल ने भी डीलर्स को और बेहतर काम करने के लिए प्रोत्साहित किया।

श्री सुनील अग्रवाल ने कहा ,"आज कामधेनु के पास बड़ी संख्या मे कुशल और मेहनती डीलर्स हैं जिसकी वजह से इस कंपनी से इतने कम समय में सफलता की नई ऊँचाईयो को छुआ है। डीलर्स को कंपनी के प्रबंधन व्यवस्था से अवगत कराने के पीछे हमारा यह मकसद है कि वे ग्राहकों को हमारे आधुनिक उत्पादों के बारे मे अच्छे तरीके से बता सकें। मुझे पूरी उम्मीद है कि वे अब और ज्यादा कुशलता से बाजार मे काम कर सकेंगे।"

अपने भ्रमण के दौरान कामधेनु के उच्च प्रबंधन प्रणाली एवं आधुनिक तकनीकी व्यवस्था के प्रयोग को देखकर सभी डीलर्स काफी प्रभावित हुए। इस मौके पर उन्होने कंपनी की ओर से मिलने वाली सुविधाओं पर संतोष व्यक्त किया एवं और अधिक कार्यकुशलता से काम करने का भरोसा जताया।







# हल्द्वानी में हुई मेगा पेंटर मीट

कामधेनु इस्पात लिमिटेड की पेंट इकाई कामधेनु पेंट्स ने अपनी बाजार हिस्सेदारी और बढ़ाने के लिए निरंतर प्रयास कर रही है। कंपनी अपनी प्रभावशाली मार्केटिंग रणनीति के तहत उपभोक्ताओं के बीच अपना संपर्क बढ़ा रही है। पेंट कारोबार में पेंटरों की बेहद अहम भूमिका को देखते हुए कामधेनु पेंट्स अब पेंटर समुदाय के बीच सीधे पहुँच रही है। इसी सिलसिले में कामधेनु इस्पात लिमिटेड ने 23 सितंबर को हल्द्वानी के रुद्राक्षी लॉन में मेगा पेंटर मीट का आयोजन किया। इस बैठक में आसपास के इलाकों के 200 से ज्यादा पेंटर शामिल हुए। कामधेनु पेंट्स की ओर से इस कार्यक्रम में श्री कमल शर्मा, श्री मयंक मांगलिक और ब्रैंड प्रोमोशन मैनेजर, श्री लवजीत सिंह भी शामिल हुए। श्री कमल शर्मा ने कार्यक्रम में पेंटरों को ***Colour Dreamz*** के ब्रैंड तले पेश किए गये कामधेनु पेंट्स के उत्पादों की खूबियों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने बताया कि कंपनी ने शीन एन शाइन, इको फ्रेश, कामोमेटालिका सहित कई उच्च गुणवत्ता के पेंट पेश किए हैं।

कामधेनु पेंट्स ने पेंटरों को प्रोत्साहित करने के लिए कई तरह की योजनाएं भी शुरू की हैं। हल्द्वानी की पेंटर मीट में इस योजना के तहत लक्ष्य पूरा करने वाले पेंटरों को मोटर साइकिल, टीवी, फ्रिज जैसे इनाम दिए गए।

Printed at Chandu Press, D-97, Shakarpur, Delhi-110 092

Owned by KIL, L-311, Street No. 7, Mahipalpur Ext., New Delhi - 110037, Ph. 65493417, Published, Printed and Edited by Prashant Kumar, News Communications, 106-Sadbhawana, 13 I.P. Extn., Delhi 110092 and published from News Communications, 106-Sadbhawana, 13 I.P. Extn., Delhi - 110092, Tel: 011- 22726433, Fax: 011-22726450, Email: news1@vsnl.com